तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



08 सड़क मरम्मत में लापरवाही विधायक ने दी उपअभियंता...



09 सामुदायिक भवन के ऊपर बने मकान को जेसीबी ...






## खबर संक्षेप

### सीएम विष्णुदेव साय आज पखांजूर में



**कांकेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 16 जनवरी को कांकेर जिले के पखांजूर के नर-नारायण मेला पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जहां पर उनके द्वारा 2 अरब 84 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के 87 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इसमें 02 अरब 78 करोड़ 86 लाख रूपए के 85 विकास कार्यों की आधारशिला तथा 05 करोड़ 79 लाख रूपए के दो कार्यों का लोकार्पण शामिल है, जिनमें विभिन्न सड़क, पुल, सेतु, शिक्षा, जल संसाधन, भवन निर्माण एवं सामाजिक अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की सौगात जिले की जनता को मिलेगी।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत पिपली निवास मैनूराम पोटाई पिता स्व. मंगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पिपली निवासी 44 वर्षीय दुरगूराम पोटाई ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 14 जनवरी को नर्सरीपारा पिपली के लाड़ी में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**परिवर्तन : डीएमएफ और एससीए से 31 पुल निर्माण के लिए 109 करोड़ रुपये मंजूर**

# प्रशासनिक इच्छाशक्ति से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की बदलेगी तस्वीर, बारिश में होगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





- मानसून में टापू बनने वाले सैकड़ों गांवों के लिए बन रहे पुल
- कांकेर जिले के नक्सल इलाके के लाखों लोगों के जीवन में आएगा बड़ा बदलाव

आजादी के अमृत काल में भी जिले के कुछ ऐसे दुर्गम इलाके थे, जहाँ हर साल मानसून अपने साथ तबाही और अलगाव लेकर आता था। दशकों से जिन नालों और नदियों पर लोक निर्माण विभाग और सेतु विभाग पुल बनाने में नाकाम रहे, वहाँ अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जनप्रतिनिधियों से संवाद करके विशेष केंद्रीय सहायता और जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 31 पुल बनाने के लिए 109 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे जिले के उन लाखों लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी, जो चार महीने तक जिले के साथ पूरी दुनिया से पूरी तरह कट जाते थे। इन पुलों में कई पुल बन चुके है, वहीं अधिकतम पुल निर्माणाधीन है।

कांकेर के अतिसंवेदनशील अंचल में मानसून का आना खुशहाली के साथ-साथ एक डर भी पैदा करता था। नदियां उफान पर होती थीं और संवेदनशील क्षेत्र के चार से पाँच दर्जनों गांव टापू बन जाते थे। बीमारों को अस्पताल ले जाना हो या बच्चों का स्कूल जाना, सब कुछ बंद हो जाता था। पुल व पुलिया बनाने में अवरोध डालने वाले नक्सली, पीडब्ल्यूडी और सेतु विभाग की तकनीकी उलझनों और बजट की कमी के कारण यह पुल सालों से लंबित थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नियद निल्लार ▶▶| शेष पेज 08 पर

### प्रशासन ने मिसाल पेश की

कांकेर जिले में जिन पुलों के लिए ग्रामीण कई सालों से मांग कर रहे थे, वहां विभागीय सुस्ती के कारण फाइलें दबी रह जाती थीं। कलेक्टर ने इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए एसीए और डीएमएफ जैसी योजनाओं का सही उपयोग किया। डीएमएफ का पैसा, जो खनिज संसाधनों के दोहन से प्रभावित लोगों के लिए होता है, उसे सीधे तौर पर जनसुविधा से जोड़कर प्रशासन ने एक मिसाल पेश की है।

### बारिश के चार महीने अब नहीं होंगे भारी

आमतौर पर जून से सितंबर तक कांकेर जिले के अंदरूनी इलाकों में इमरजेंसी जैसे हालात रहते थे। कई गांवों में राशन का भंडारण पहले ही करना पड़ता था। लेकिन इन 31 पुलों के बनने से अब एम्बुलेंस गांव तक पहुँच सकेगी, गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार मिलेगा और राशन की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी।

### नक्सल इलाके में विकास की नई पहल

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति हो, तो बजट और विभागों के बीच का तालमेल कभी बाधा नहीं बनता। जिला कलेक्टर द्वारा जारी की गई यह राशि सिर्फ ईंट और कंक्रीट का ढांचा नहीं खड़ी कर रही, बल्कि लोगों के विश्वास और शासन के बीच का सेतु भी बना रही है। आने वाले समय में यह पुल जिले की आर्थिक और सामाजिक रीढ़ की हड्डी साबित होंगे। जिला प्रशासन ने 109 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर कर यह स्पष्ट कर दिया है कि दूरस्थ अंचल का अंतिम व्यक्ति भी अब मुख्यधारा से दूर नहीं रहेगा।

## आपसी रंजिश बना खूनी संघर्ष घर में घुसकर परिवार पर हमला



**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र में बेटी को भगाने के आरोप ने ऐसा तूल पकड़ा कि मामूली विवाद हिंसक वारदात में बदल गया। देर रात एक परिवार के घर में घुसकर तीन लोगों ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि महिला, उसके पति और मासूम नातिन पर बेरहमी से हमला कर दिया। घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई, वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पखांजुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीव्ही 40 पुरूषोत्तमनगर में 14 जनवरी की रात करीब 9 बजे उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब गांव के मंगल तरफदार, उनके पुत्र सुमनजीत तरफदार और भांजा रंजन सरदार एक परिवार के घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि तीनों ने यह कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया कि परिवार के बेटे ने उनकी बेटी को भगा लिया है। घर में मौजूद 50 वर्षीय संध्या विश्वास, उनके पति दिजेन विश्वास और नातिन कोयल हालदार के साथ आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और फिर हाथ-थप्पड़ व लात-घूंसे से जमकर मारपीट की। इस हमले में संध्या विश्वास के सिर और कमर में चोट आई, वहीं दिजेन विश्वास के बाएं हाथ, पसली और दांत में गंभीर चोटें आई हैं। मासूम नातिन कोयल हालदार के भी सिर और दाहिने कंधे में चोट लगी है। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़िता की शिकायत पर पखांजुर ▶▶| शेष पेज 08 पर

### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ ली

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे में 15 जनवरी को पालक बालक सम्मेलन में उपस्थित ग्रामीण जनों, पालकों के बीच में बाल विवाह पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्राचार्य वंदना कांबले मैम ने स्वयंसेवकों एवं बच्चों को समय से पूर्व विवाह ना करने और उसके दुष्प्रभाव का जानकारी प्रदान किया। साथ ही साथ स्वास्थ्य पर पड़ने वाले तनाव को भी बताया गया। उपस्थित पालकों से बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने, सकारात्मक ऊर्जा के साथ काम करने को कहा गया।



### दुकान के सामने से बोर वाहन हटाने को लेकर खूनी संघर्ष, दो पर मामला दर्ज

**कांकेर।** शहर कांकेर के व्यस्त ज्ञानी चौक क्षेत्र में बुधवार को मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दुकान के सामने खड़ी बोरगाड़ी को हटाने की बात पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। घटना में ऑटोमैकेनिक दुकानदार और उसका बेटा घायल हो गए, जिनका उपचार कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो



आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार श्रीरामनगर कांकेर निवासी 53 वर्षीय हैदर खान पिता स्व. नामदार खान की ज्ञानी चौक के पास ऑटोमैकेनिक की दुकान है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 14 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उनकी दुकान के सामने नदीम खान की बोरगाड़ी खड़ी थी। दुकान के काम में बाधा होने पर उन्होंने वाहन चालक से बोरगाड़ी को कहीं और खड़ा करने को कहा। इस बात पर चालक ने अपने मालिक नदीम खान को फोन कर मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में नदीम खान अपने भाई बाबू खान के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि दोनों ने आते ही हैदर खान के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया और तू कौन होता है हमारी गाड़ी हटाने वाला कहते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने जान से मारने ▶▶| शेष पेज 08 पर




## खबर संक्षेप



### बाल क्रीड़ा शुरू, विधायक ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम झिटकाटोला में आयोजित केंद्र स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि खेल से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना को ध्यान में रखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। खेल में हार और जीत स्वाभाविक है, इसलिए हारने वाले खिलाड़ियों को निराश या हतोत्साहित नहीं होना चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आने वाले समय में दुगुने उत्साह और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।

### बस चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत तहसील कार्यालय चारामा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में 14 जनवरी को हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 07 ई 7801 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। खैरखेड़ा निवासी संपत जुर्री ने पुलिस को बताया कि बस की टक्कर से खैरखेड़ा निवासी सगडराम जुर्री का मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 07 ई 7801 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जी राम जी अभियान की कमान संभालेंगे नरसिंह

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने विकसित भारत जी राम जी जनजागरुकता अभियान को मजबूती देने के लिए संगठनात्मक स्तर पर जिम्मेदारी तय की है। जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव को इस अभियान का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। जिलेभर में प्रभावी रूप से संचालित करने एक संयोजक और तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इसमें परीसराम बेसरा, रैतूराम कश्यप एवं रामकुमारी यादव को सदस्य बनाया गया है। नरसिंह राव ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली का मूल मंत्र है, जनता के प्रति जवाबदेही और व्यवस्था में पारदर्शिता।

### जिला स्तरीय किसान मेले में दी गई आधुनिक एवं जैविक कृषि तकनीकों की जानकारी

# किसानों की आय दुगनी करने केंद्र व राज्य सरकार निरंतर कर रही कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कृषि विभाग द्वारा एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के किसान शामिल हुए। मुख्य अतिथि सांसद भोजराज एवं अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम ने किया।



न्यू कम्युनिटी हॉल में आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कोदो, कुटकी एवं रागी जैसे पारंपरिक मोटे अनाजों पर हुए शोध से यह सिद्ध हुआ है कि इनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है और अब इनका उपयोग देशभर में बढ़ रहा है। उन्होंने किसानों से जैविक एवं पारंपरिक खेती को अपनाने का अव्हान किया। किसानों को अतिरिक्त आय के लिए स्थानीय बाजार की मांग के अनुसार फसल एवं सब्जी का उत्पादन करना चाहिए, ताकि उपज का वाजिब मूल्य मिल सके। उन्होंने धान की पारंपरिक खेती के साथ-साथ दलहन एवं तिलहन फसलों, फलोद्यान जैसे आम, नारियल आदि की खेती को भी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे कम लागत में ज्यादा फायदेमंद और दीर्घकालिक होता है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के किसान परिवारों के बच्चे भी आज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर जिले और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने तथा तुलनात्मक खेती अपनाने की सलाह दी और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। इसके पहले, सांसद श्री नाग व अन्य मंचस्थ अतिथियों ने किसान मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इनमें मत्स्य पालन, पशुधन विकास, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यानिकी तथा रेशम विभाग के स्टॉल शामिल थे। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय योजनांतर्गत सामग्री एवं उपकरण व प्रशस्ति पत्र किसानों को प्रदान किए गए।



जिला स्तरीय किसान मेला में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र तायडे. द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्नत कृषि तकनीकों, नवीन कृषि प्रयोगों एवं जिले में चल रहे नवाचारों से किसानों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, राजीव लोचन सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक बीरबल साहू, उपसंचालक कृषि जितेंद्र कोमरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जिले भर से आए किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सड़क मरम्मत में लापरवाही विधायक ने उपअभियंता को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने 15 जनवरी को कोण्डे से दुर्गुकोंदल तक चल रहे सड़क मरम्मत कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया तथा उपस्थित उप अभियंता को मरम्मत कार्य में गुणवत्ता सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

विधायक सावित्री मंडावी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि सरकार ने आम जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण मार्ग के मरम्मत कार्य को स्वीकृति दी है, इसलिए यह आवश्यक है कि कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप किया जाए। सड़क मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और जनता को टिकाऊ व सुरक्षित सड़क सुविधा मिलनी चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सड़क की सतह, किनारों की मजबूती और जल निकासी की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का सीधा संबंध आमजन के आवागमन, व्यापार और आपातकालीन सेवाओं से जुड़ा होता है, इसलिए इन कार्यों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भी चर्चा की तथा सड़क से जुड़ी उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े सभी विकास कार्यों की सतत निगरानी की जाएगी ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंचे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद अध्यक्ष भानुप्रतापपुर सुनाराम तेता, अमरसिंह कचालम, जनपद सदस्य धनसाय हुरा, सुखचंद प्रजापति, सरपंच मुकेश कुमार गावड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांकेर सेंट्रल लाइब्रेरी की प्रथम वर्षगांठ पर उपलब्धियों का उत्सव, 87 युवाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- धरोहरों के संवर्धन से शिक्षा का नया अध्याय लिखा गया : कलेक्टर



कांकेर नगर के हृदय स्थल पुरानी कचहरी प्रांगण में स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी आज आम जनमानस के लिए चर्चा और आकर्षण का केंद्र बन चुकी है। मकर संक्रांति के पावन अवसर 14 जनवरी को सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मंडावी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने की।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि धरोहरों को संरक्षित और संवर्धित कर हमने शिक्षा का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने बताया कि नया भवन बनाने के लिए समय की कमी थी, इसलिए ब्रिटिश काल के ऐतिहासिक भवनों, जो कभी असामाजिक गतिविधियों के केंद्र थे, को मरम्मत कर लाइब्रेरी एवं कोचिंग सेंटर के रूप में विकसित किया गया। यह योजना नीति आयोग एवं प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए भी नामित हुई है। उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही नीति आयोग के सहयोग से इसी परिसर में एक और सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी, जिसमें प्रसिद्ध साहित्य और उपन्यासों का संकलन होगा। साथ ही 26 जनवरी तक कांकेर स्टेट के ऐतिहासिक सिंह द्वार को भव्य स्वरूप देकर आम जनता के लिए खोला जाएगा। इसके अतिरिक्त जनजातीय संग्रहालय, गोंडी भाषा संरक्षण हेतु गोंडी पाठशाला, बस्तर विषयक समृद्ध लाइब्रेरी, जनजातीय कला, वाद्ययंत्र, गोदना कला कार्यशालाओं की भी शुरुआत की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने विद्यार्थियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांकेर में अब बड़े शहरों जैसी लाइब्रेरी और मावा मॉडल कोचिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाकर चयन सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए सेंट्रल लाइब्रेरी की नोडल अधिकारी शांति नरेटी ने वर्षभर की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेंट्रल लाइब्रेरी से अध्ययन कर अब तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में 86 तथा अखिल भारतीय सेवाओं में 1 विद्यार्थी का चयन हुआ है। इस प्रकार कुल 87 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने कहा कि जब वे स्वयं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे, तब ऐसे संसाधन उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि जिले के कलेक्टर एवं सीईओ की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज कांकेर के युवाओं को उच्च स्तरीय अध्ययन सुविधा सेंट्रल लाइब्रेरी के रूप में मिल रही है, जिससे युवा शासकीय सेवाओं में चयनित हो रहे हैं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के डीएमसी नवनीत पटेल, सेंट्रल लाइब्रेरी का संपूर्ण स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य खराब होने से युवक की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत तुएगहन निवासी 30 वर्षीय चंद्रप्रकाश भुआर्य पिता स्व. दयाशंकर भुआर्य का स्वास्थ्य खराब होने के कारण 13 जनवरी को मौत हो गया। तुएगहन निवासी कुलेश्वर भुआर्य ने पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खुड़खुड़िया जुआ खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार, जेल की सलाखों में भेजा

**कांकेर।** जिले में अवैध जुआ गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना नरहरपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुड़खुड़िया से जुआ खिलाते एवं खेलते हुए 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी सहित जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री भी जप्त की गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध जुआ गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।



जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को थाना नरहरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि डब्बीपानी के रंगमंच के पास कुछ लोग खुड़खुड़िया जुआ खेल रहे हैं। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल इसकी तस्दीक की और उसी रात छापामार कार्रवाई की योजना बनाई। देर रात पुलिस टीम ने डब्बीपानी स्थित रंगमंच के बगल में दबिश दी, जहां कुछ लोग खुड़खुड़िया चार्ट बिछाकर गोटी घोलते हुए अधिक पैसों का लालच देकर रुपये-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस ने मौके से जामगांव निवासी 19 वर्षीय गौरव शोरी पिता धनराज शोरी, डब्बीपानी निवासी 37 वर्षीय परमेश मंडावी पिता कृपाराम मंडावी, 46 वर्षीय भानुराम मंडावी पिता स्व. नथेला मंडावी, 30 वर्षीय जोहन शोरी पिता सुकलाल शोरी, जामगांव निवासी 37 वर्षीय ब्रह्मदेव उईके पिता स्व. सुकराम उईके तथा जामगांव निवासी 36 वर्षीय तुलसीराम नेताम पिता द्वारसिंह नेताम को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 7,400 रुपये नगद, एक सफेद रंग की रेग्जीन फ्लैक्सी जिसमें ईंट, पान, चिड़ी, झंडा, मुंडा एवं हुकुम अंकित खुड़खुड़िया चार्ट, 6 नग प्लास्टिक की गोटियां तथा एक काले रंग की रेग्जीन लेदर को जप्त किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### पेज 07 के शेष...

**प्रशासनिक इच्छाशक्ति...**
योजना और विधायक विक्रम उसेंडी एवं आशाराम नेताम की संवेदनशीलता और कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जनता के इस दर्द को समझते हुए अपने संसाधनों से विकास का सेतु बनाने का निर्णय लिया है। करोड़ो की राशि से बनने वाले यह पुल लाखों लोगों के लिए संजीवनी बनेंगे। जिला स्तर पर कुल 31 वृहद पुलों की स्वीकृति दी गई है, जिसकी कुल लागत 109 करोड़ के आसपास है। यह महज आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन लाखों लोगों की उम्मीदें हैं जिन्हें अब नदी पार जाने के लिए अपनी जान जोखिम में नहीं डालनी पड़ेगी।

**आपसी रंजिश बनी...**
पुलिस ने मंगल तरफदार, सुमनजीत तरफदार और रंजन सरदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296, 3 (5), 331 और 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दुकान के सामने...**
की धमकी देते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट कर दिया। यही नहीं, दुकान के पास पड़े लोहे के रॉड से भी हमला किया गया। मारपीट में शिकायतकर्ता के सिर, गाल और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शिकायतकर्ता के बेटे नियाज खान ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित पिता-पुत्र थाना कांकेर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी नदीम खान और बाबू खान के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


स्वामी जी
93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
2 मई 2026
18 मई 2026
20 मई 2026
14 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22501/- ऑफर 21,501/-, 3AC-30,501/-ऑफर 29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेष
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**न्यायालय तहसीलदार कांकेर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / 202510140100018/
अ-21/2025-26
ग्राम भीरावाही

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जोमोन पि.सी. पिता चक्कोचन पि.ए. निवासी ग्राम भीरावाही द्वारा ग्राम भीरावाही स्थित आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित भूमि खसरा नम्बर 69/4 रकबा 0.024 हे. को पैसो की आवश्यकता होने से अनावेदक जितेन्द्र कुमार पिता जयलाल सिन्हा निवासी ग्राम तेलावट को विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वंय या आम मुख्तियारनामें से दिनांक 16.01.2026 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार कांकेर


मा. विक्रम उसेंडी जी
विधायक अंतागढ़
मा. भोजराज नाग जी
सांसद
मा. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. विक्रम उसेंडी जी
विधायक अंतागढ़
परलकोट की धरा में पधार रहे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय श्री विष्णुदेव साय जी
का
शत्-शत् वंदन...
अभिनंदन...
विनीत
लोक निर्माण विभाग पखांजूर
अनुभाग के समस्त ठेकेदार

# एसआईआर दावा-आपत्ति निराकरण की डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर ने ली जानकारी

## चारामा तहसील कार्यालय में डीईओ-ईआरओ लॉगिन प्रोसेस का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास के दौरान 15 जनवरी को जिले के तहसील कार्यालय चारामा पहुंचे, जहां पर उन्होंने एसआईआर के तहत मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण भी किया।

उनके साथ भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख सचिव अरविंद आनंद तथा अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोस्कर विलास संदीपन भी उपस्थित रहे। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का दल 15 जनवरी को दोपहर ढाई बजे भानुप्रतापपुर विधानसभा के तहत तहसील कार्यालय चारामा पहुंचा, जहां उन्होंने मौके पर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जा रहा था।

इस दौरान सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर ने ईआरओ तथा डीईओ लॉगिन के माध्यम से निराकरण के लिए आवेदकों के द्वारा लगाए गए दस्तावेजों का परीक्षण किया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वापस किए गए प्रकरणों के बारे में पूछा। इस दौरान उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा प्राप्त दावा-आपत्तियों एवं उनके निराकरण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### अधिकारियों की सराहना

आयोग के अधिकारियों ने ईआरओ लॉगिन में दावा-आपत्ति के प्रकरणों में अपलोड दस्तावेजों के संबंध में भी सूक्ष्मता से जानकारी ली। इसके साथ ही दस्तावेज अपलोड करने तथा सत्यापन के संबंध में संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। इस पर आयोग के दल ने संतुष्टि जाहिर करते हुए निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना किया।



### अब तक कुल 4006 फॉर्म प्राप्त हुए

उल्लेखनीय है कि भानुप्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत एसआईआर के तहत नो-मैपिंग कैटेगरी सी में मतदाताओं की संख्या 2,245 है, जिनमें से 1015 का डीईओ लॉगिन से वेरिफाइड किया जा चुका है। इस दौरान आयोग के दल को जानकारी देते हुए बताया गया जिले में फॉर्म-6 के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक कुल 4006 फॉर्म प्राप्त हुए हैं, जिनका निराकरण प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जयशंकर उरांव, एसडीएम भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले, एसडीएम चारामा नरेन्द्र बंजारा, तहसीलदार चारामा सत्येन्द्र शुक्ल सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए दिलाई शपथ

कांकेर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प लिया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अवसर पर भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार 2 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक 100 दिनों तक बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 15 जनवरी को पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा द्वारा अन्य राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाया गया।

### बाइक चालक की हुई मौत, अपराध कायम

कांकेर। नरहरपुर थानांतर्गत कोरियापारा किशनपुरी के पास सड़क दुर्घटना में विवेचना में पाया गया कि मृतक 57 वर्षीय पचकौड़ कोर्राम पिता स्व. ठोठा राम कोर्राम की मोटर सायकल को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 9661 के चालक कोसुमपानी निवासी ऐलम नेताम द्वारा अपने मोटर सायकल को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से सिर में आयी चोट के कारण ईलाज दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 9661 के चालक एलम नेताम के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नशा से होने वाले दुष्परिणाम की ग्रामीणों को दी जानकारी

जगदलपुर। जगतु माहरा विद्यालय के एनएसएस ईकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर छेपड़ागुड़ा में आज षष्ठम दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में प्राचार्य बीएस रामकुमार, एसएमडीसी अध्यक्ष राकेश तिवारी, सदस्य अखिलेश शुक्ला, मनीष सखलेचा एवं शैलेन्द्र उपस्थित हुए। जिन्होंने सामाजिक उत्थान में एनएसएस का महत्व बताते हुए नशा मुक्त भारत विषय पर अपना व्याख्यान दिए। साथ ही स्वयं,परिवार तथा समाज को इससे होने वाले दुष्परिणाम को बताया एवं हर प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी गई।

### तहसीलदार, ग्राम पंचायत बांसला के सरपंच, सचिव एवं पंचगण मौजूदगी पर हुई कार्रवाई

# सामुदायिक भवन के ऊपर बने मकान को जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ पीड़ित ने लगाया बदला लेने का आरोप

विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसला में सामुदायिक भवन के ऊपर बने मकान को लेकर गुरुवार को पंचायत एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई किया। इस दौरान सामुदायिक भवन एवं उसके ऊपर बने मकान से सारा सामान बाहर निकलवाया गया तथा भवन में बनी सीढ़ी और सामने डाले गए शेड को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। भानुप्रतापपुर तहसीलदार, ग्राम पंचायत बांसला के सरपंच, सचिव एवं पंचगण मौजूद रहे।



बांसला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बांसला निवासी परमेश्वर चक्रधारी एवं उनके भाई यशवंत चक्रधारी को शासकीय सामुदायिक भवन एवं उसके ऊपर अवैध निर्माण से अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बावजूद भवन खाली नहीं किए जाने पर पंचायत ने शासन-प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया। तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वसा ने बताया कि जिस भूमि पर शासकीय सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, वह शासकीय भूमि है। विभागीय अभिलेखों में उक्त भूमि का किसी व्यक्ति के नाम पट्टा दर्ज नहीं है। शासकीय भवन के ऊपर निजी मकान का निर्माण किया गया था, जिसे अतिक्रमण की श्रेणी में माना गया है। इसी कारण पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जिस भूमि पर निर्माण किया गया है, वह उनके कब्जे एवं पट्टे की जमीन है। उसी भूमि पर पहले पंचायत द्वारा शासकीय सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया था। इसके बाद में पंचायत से विधिवत एनओसी जारी कर भवन के ऊपर अतिरिक्त निर्माण की अनुमति दी गई, जिसके बाद निर्माण कराया गया।

पीड़ितों का कहना है कि पंचायत में उनके द्वारा लिखित जवाब भी प्रस्तुत किया गया था, लेकिन प्रशासन ने उसे नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि वास्तव में अतिक्रमण था, तो उसे पूरी तरह क्यों नहीं हटाया गया? गुरुवार को पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि एवं तहसीलदार मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों की मदद से भवन को खाली कराया गया और केवल सीढ़ी तोड़कर कार्रवाई समाप्त कर दी गई, जिससे संदेह की स्थिति बनती है। लिखित जवाब पर विचार किए बिना 15 जनवरी को प्रशासन द्वारा भवन खाली कराकर सील कर दिया गया।

### भ्रष्टाचार उजागर करने का बदला लेने का आरोप

यशवंत चक्रधारी ने आरोप लगाया कि कुछ माह पूर्व ग्रामीणों द्वारा पंचायत में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 1 लाख 81 हजार रुपएं की अनियमितता निकासी की शिकायत की गई थी, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं हुआ। इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद सरपंच एवं उपसरपंच द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और मकान तोड़ने की धमकी दी गई। उसी शिकायत और खबर का बदला लेने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। उनके अनुसार मकान एवं भूमि से संबंधित सभी दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय में आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है, लेकिन अब तक उन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। पीड़ित पक्ष ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# नकली पेमेंट ऐप के जरिए हजारों की ठगी, युवक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




डिजिटल भुगतान के भरोसे को तोड़ते हुए साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नकली पेमेंट ऐप के जरिए शातिर युवक ने दुकानदार को झूठा ट्रांजैक्शन दिखाकर हजारों रुपएं की ठगी कर ली। पीड़िता को तब सच्चाई का पता चला जब खाते की जांच की गई और एक भी रुपएं जमा नहीं मिला। शिकायत के बाद अब पुलिस आरोपी और संदिग्ध वाहन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी का है। पीड़िता ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत जुनवानी निवासी भारती साहू पिता कुम्मन लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी 2025 को दोपहर डेढ़ बजें एक अज्ञात व्यक्ति मेरी दुकान पर आया। उसने मुझसे पेटीएम यूपीआई से 6 हजार 60 रूपएं नकद लिया। भुगतान के समय उसने अपने मोबाइल पर एक फेक पेमेंट ऐप का इस्तेमाल करके मुझे झूठा पेमेंट कन्फर्मेशन दिखाया। उस वक्त मुझे लगा कि पेमेंट हो गया है, लेकिन बाद में चेक करने पर पता चला कि बैंक खाते में कोई पैसा नहीं आया है और मेरे साथ धोखाधड़ी हुई है। उस व्यक्ति की पहचान का एक मुख्य सबूत वाहन क्रमांक सीजी 19 बी 7268 है। उस व्यक्ति का उम्र लगभग 20 से 30 वर्ष के बिच का होगा। जिस गाड़ी में आया था वह लगभग 10 से 20 वर्ष पुरानी मोटर सायकल थी। वह अज्ञात व्यक्ति कांकेर रोड से आया था। मेरे दुकान में लेन-देन होने के उपरांत नरहरपुर कि ओर गया।

पीड़िता ने पुलिस से कहा कि ऐसी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे इनके जैसे गद्दारों को सही सबक मिल सके। शिकायत पर पुलिस ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 7268 का चालक एवं अन्य के खिलाफ धारा 66 डी एलसीजी, 3 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।





परलकोट की धरा से अबूझमाड़ को जोड़ने वाले बेचाघाट पुल एवं 8 अन्य पुल के
भूमिपूजन में परलकोट पधार रहे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय श्री विष्णुदेव साय जी
एवं समस्त अतिथियों का
शत्-शत् वंदन... अभिनंदन...
भूमिपूजन होने वाले पुल
बेचाघाट पुल - 15.52 करोड़
चारभाटा-मरकाटोला में पुल - 8.99 करोड़
कांकेर-देवरी (चिनारनदी पुल) - 8.98 करोड़
खण्डी नदी पर पुल - 6.17 करोड़
नरहरपुल से सुरही मार्ग पर पुल - 5.31 करोड़
मेढ़की नदी पर पुल - 5.12 करोड़
जंजाली नाला पर पुल - 4.22 करोड़
संबलपुर नाला पर पुल - 3.87 करोड़
निर्गुण नाला पर पुल - 3.82 करोड़
दिनांक - 16-01-2026
दिन - शुक्रवार
मा. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. विक्रम उसेंडी जी
विधायक अंतागढ़
मा. भोजराज नाग जी
सांसद
मा. अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीत : समस्त ठेकेदार सेतु संभाग, जिला कांकेर